will be available by the end of May, 1995.

(b) A newly developed model, first operationalised in 1988, has given reasonably accurate forecast of seasonal monsoon rains during the last seven years.

(c) Yes, Sir.

(d) The farmers are making full use of the prediction of monsoon for preparing plans for choice of crops and farm operations.

उर्वरक पर राजसहायता में अनियमितताएं

1710. **श्री मूलचन्द मीणा** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान कुछ राज्यों में उर्वरकों पर राजसहायता के भुगतान में की जा रही कथित अनियमितताओं की ओर दिलाया गया है ;

(ख) यदि हां, तो किन-किन राज्यों के विरुद्ध शिकायतें मिली हैं ;

(ग) क्या केन्द्रीय सरकार ने इन विभिन्न शिकायतों से संबंधित तथ्य एकत्रित किए हैं ;

(घ) यदि हां, तो इसके क्या परिणाम निकले हैं ;

(ङ) क्या केन्द्रीय सरकार ने उर्वरकों का उत्पादन करने वाली इकाइयों को सीधे राजसहायता देने का पुनः निर्णय लिया है ;

(च) यदि हां, तो क्या हाल ही में इस तरह की व्यवस्था को बन्द कर दिया गया है; और

(छ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, तथा इसके क्या कारण हैं ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अरविंद नेताम) : (क) से (घ) बिहार और पश्चिम बंगाल राज्यों से कथित अनियमितताओं के बारे में कुछ शिकायतें प्राप्त हुई हैं और राज्य सरकारों से इनके बारे में जांच करने को कहा गया है।

(ङ) से (छ) किसानों को विनियंत्रित फास्फेटिक और पोटाशिक उर्वरकों की बिक्री पर रियायत की योजना रबी 1992-93 से चल रही है। 1994-95 के दौरान, केन्द्र सरकार उर्वरक विनिर्माताओं/आयातकों को राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों द्वारा प्रमाणित बिक्री की रिपोर्टों के आधार पर सीधे भुगतान कर रही है। 1995-96 के लिए 500 करोड़ रुपए का प्रावधान घोषित किया गया है।

खाद्यान्न उत्पादन के लक्ष्य में परिवर्तन

1711. **श्रीमती सुषमा स्वराज** :
श्री राम जेठमलानी:

क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार आठवीं पंचवर्षीय योजना के अन्त तक खाद्यान्न उत्पादन के लिए पहले से निर्धारित लक्ष्य में कोई परिवर्तन करने पर विचार कर रही है ;

(ख) यदि हां, तो खाद्यान्न के उत्पादन हेतु पहले क्या लक्ष्य निर्धारित किया गया था और प्रस्तावित लक्ष्य क्या है; और

(ग) सरकार को खाद्यान्न के उत्पादन हेतु पहले से निर्धारित लक्ष्य में किन कारणों से परिवर्तन करना पड़ा है ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अरविन्द नेताम): (क) जी, नहीं।

(ख) तथा (ग) प्रश्न ही नहीं होता।